संख्या–15/10/94–का–4–2013

प्रेषक,

राजीव कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

कार्मिक अनुभाग–4 लखनऊ : दिनांक: 13 फरवरी, 2013

विषयः– उर्दू अनुवादक–सह–कनिष्ठ सहायक के पदों पर नियुक्तियां किया जाना ।

महोदय,

उर्दू अनुवादक–सह–कनिष्ठ सहायक (उर्दू अनुवादक–सह–कनिष्ठ लिपिक) के संवर्ग पुनर्गठन के संबंध में निर्गत सामसंख्यक कार्यालय ज्ञाप दिनांक 30.11.2011 के संबंध में विभिन्न स्रोतों से की गयी जिज्ञासाओं के संबंध में निम्न स्थिति/स्पष्टीकरण से आपको अवगत कराने का मुझे निदेश हुआ है:–

(1) कार्यालय ज्ञाप दिनांक 30.11.2011 द्वारा उर्दू अनुवादक–सह–कनिष्ठ सहायक (उर्दू अनुवादक–सह–कनिष्ठ लिपिक) के संवर्ग पुनर्गठन के फलस्वरूप पुनर्गठित ढांचे में उर्दू अनुवादक–सह–वरिष्ठ सहायक ग्रेड वेतन रूपये–2800 में उच्चीकृत करने हेतु 15 वर्ष की निरन्तर संतोषजनक सेवावधि की गणना मूल पद उर्दू अनुवादक–सह–कनिष्ठ लिपिक (परिवर्तित पदनाम उर्दू अनुवादक–सह–कनिष्ठ सहायक) के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से की जायेगी ।

(2) कार्यालय ज्ञाप दिनांक 21.2.2007 के प्राविधानों के अनुपालन में जिन कार्मिकों को 12 वर्ष की सेवा के उपरान्त उर्दू अनुवादक–सह–वरिष्ठ लिपिक के पद पर उच्चीकृत कर दिया गया है तथा जिन्हें तत्क्रम में ग्रेड वेतन रूपये–2400 अनुमन्य हो रहा है, को भी मूल पद उर्दू अनुवादक –सह –कनिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 15 वर्ष की संतोषजनक सेवा के उपरान्त उर्दू अनुवादक–सह–वरिष्ठ सहायक के पद पर वेतन बैंड–1 एवं ग्रेड वेतन रूपये–2800 में उच्चीकृत किया जायेगा ।

(3) उपर्युक्तानुसार उच्चीकरण के फलस्वरूप पद रिक्त होने पर, घटित होने वाली रिक्तियां प्रथम स्तर (उर्दू अनुवादक–सह–कनिष्ठ सहायक) स्तर की मानी जायेंगी ।

2. उक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–वे.आ.–2–101/दस–2013, दिनांक 01.02.2013 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं ।

भवदीय,

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव

संख्या–15/10/94(1)–का–4–2013, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।
3. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
4. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–5
5. वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1/2
6. वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1/2
7. सचिवालय के समस्त अनुभाग

आज्ञा से,

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव

पी0एस0सी0 ए0पी0 28 सी0 नियुक्ति–14.02.2013–(3324)–2000 प्रतियां–(कं0/अं0)